52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.2 °c | अधिकतम 23.1 °c

**अमृतवाणी**

क्रोध के समय थोड़ा रुक जाएं गलती के समय थोड़ा झुक जाएं तो दुनिया की सब समस्याएं हल हो जाएंगी

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जो अन्ना हजारे को धोखा दे सकता है, वह किसी को भी धोखा दे सकता है : योगी



सूर्योदय : 7:12 सूर्यास्त : 5:27 | वर्ष : 52/ अंक : 24 | शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अपनी फितरत बदल नहीं सकता ....सांप अमृत उगल नहीं सकता ...

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगी बहनों की मौत

## - चोरी छिपे किया अंतिम संस्कार

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव गढ़मलपुर सांगड़ी में दो बहनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। उक्त घटना 17-18 जनवरी की रात की बताई गयी है, जिसमें क्षेत्र के शौकीन पुत्र सीताराम गोस्वामी की 16 व 17 वर्षीय बेटी काजल व मनीषा की 17-18 जनवरी की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बताया जाता है कि उक्त दोनों की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है और दोनों बहनें नेशनल कबड्डी खिलाड़ी थी और दोनों 4-5 जनवरी को महाराष्ट्र में खेलकर 7 जनवरी को वापस अपने गांव लौटी थी। उक्त दोनों बहनें एथलीट प्रियंका गोस्वामी के परिवार से थी और प्रियंका से प्रेरणा लेकर ही दोनों बहनों ने कबड्डी खेलना शुरू किया था। दोनों बहनों की मौत के बाद आज गुरूवार को उक्त मामले की गूंज सोशल मीडिया पर हुई तो फुगाना पुलिस एकाएक हरकत में आ गयी और दोनों खिलाड़ियों के पिता को हिरासत में ले लिया। इस सम्बंध में फुगाना थानाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने गांव में जाकर क्षेत्र के लोगों से पूरी जानकारी हासिल की, जिसमें मामला संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पिता से पूरी तरह पूछताछ के बाद निष्कर्ष निकाला जाएगा कि आखिर मामला क्या है?

## मृतक खिलाड़ियों की मां बोली, दोनों बहनें मांग रही थी नये मोबाइल

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** सोशल मीडिया पर नेशनल कबड्डी खिलाड़ी दो सगी बहनों के मौत के मामले की गूंज होने के बाद मीडिया द्वारा खिलाड़ियों की मां रुपेश के बयान लिये गए तो कुछ हद तक



मां के मुंह से सच निकल आया।

मां रुपेश का बताना है कि दोनों बहनें अपने पिता से नए मोबाइल लेने की मांग कर रही थी, मगर मां ने पिता की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए मोबाइल फोन दिलाने से मना कर दिया था। मां ने यह भी बताया कि देर रात तक एक बहन फाइल बना रही थी तो दूसरी बहन पढ़ रही थी, मगर जब वह सुबह उठे तो दोनों बहनें मृत पाई गयी।

## क्यों किया गया आनन-फानन में दोनों बहनों का अंतिम संस्कार

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** कबड्डी खिलाड़ी दोनों बहनों की मौत के बाद पुलिस इस मामले में अब बारीकी से जांच कर रही है। क्षेत्र के लोगों द्वारा दी गयी सूचना पर पुलिस इस बात को संदिग्ध मान रही है कि परिजनों ने दोनों बहनों की मौत की सूचना का शोर मचाए बिना उनका गुपचुप तरीके से आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया। यहीं से शक की शुरूआत होती है कि हो न हो इस मामले में कोई न कोई अन्य कारण भी सामने आ सकता है।

# शाहपुर में दो पक्षों में हुए संघर्ष में चार घायल

## - 11 लोगों पर कार्रवाई हुई

**शाहपुर, 23 जनवरी (बु.)।** कस्बे के बुढ़ाना रोड पर रेहड़ी दुकानदार के साथ हुए विवाद के बाद दो पक्षों में हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। कस्बे के बुढ़ाना रोड पर एक रेहड़ी दुकानदार के साथ कुछ युवक का लेन-देन को लेकर विवाद हो रहा था। इसी दौरान गांव पलड़ी निवासी कमल अपने साथी के साथ वहां पहुंचा, तो कमल ने दोनों पक्षो को शांत कराने के साथ बीच बचाव कराने का प्रयास किया। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट करने शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद में युवक ने भी गांव से कुछ लोग बुला लिए, जिसके बाद दोनों पक्षो में कहासुनी होने के साथ मारपीट हो गई, जिसमें तीन युवक वसीम, समीर व वकील घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने चारों के अलावा आधा दर्जन युवकों शौकीन पुत्र यामीन, शौकीन पुत्र अलीहसान, आरिफ, नसीम, गुलशेर, साहिब, आफताब को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों का शांति भंग करने में चालान किया है। दूसरे पक्ष के कमल पुत्र अनिल को भी शांति भंग में जेल भेजा गया है।



# टैंडर प्रक्रिया पर उठे सवाल, डीएम दरबार में पहुंची शिकायत

## - दो सभासदों पर हस्तक्षेप किए जाने के लगाए ठेकेदारों ने आरोप



**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद में चल रहे ठेकेदारों के पुल विवाद में गुरूवार दोपहर बाद उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब कुछ ठेकेदारों को पालिका में पालिका क्षेत्र में होने वाले सड़क निर्माण कार्यों के टैंडर डाले जाने से रोक दिया गया। पालिका में टैंडरों को लेकर चल रहे खेल की शिकायतों के बीच ताजा मामले की पीड़ित ठेकेदारों ने जब डीएम दरबार में शिकायत की तो डीएम के निर्देश पर पालिका पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने टैंडर प्रक्रिया की जानकारी लेने के साथ वहां मौजूद ठेकेदारों के टैंडर भी वहां मौजूद पेटिका में जमा कराए, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। नगरपालिका निर्माण विभाग में गुरूवार को नगर क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों की टैंडर की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान बताया जा रहा है कि ठेकेदार अभिमन्यु चौहान व ठेकेदार तुषार पचीसिया पालिका में पहुंचे, जिन्हें वहां पर मौजूद कुछ सभासदों ने उन्हें टेंडर भरने से रोक दिया गया। ठेकेदारों ने मामले की शिकायत डीएम को करते हुए उन्होंने बताया कि पालिका सभासद मनोज वर्मा व राजीव शर्मा द्वारा उनके साथ गाली-गलौज, धक्का मुक्की करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और उन्हें टेंडर भरने से रोका गया। उन्होंने दोनों सभासदों समेत दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। डीएम उमेश मिश्रा ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को मौके पर भेजा। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने सभी तथ्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि डीएम के आदेश पर सारे निर्माण टैंडर ऑनलाइन करने के आदेश हुए थे लेकिन नगर पालिका में ई-टैंडर के बावजूद कुछ कागज पालिका में जमा करने होते हैं, तभी टैंडर पूरी तरह से माना जाता है। गुरूवार को हुई उक्त टैंडर प्रक्रिया को लेकर नगरीय क्षेत्र में तमाम चर्चाएं होती रही। उक्त मामले में पूर्व में वार्ड सभासद देवेश कौशिक ने पालिका की टैंडर प्रक्रिया में पूल होने की शिकायत की थी। उधर, वार्ड सभासद मनोज वर्मा ने ठेकेदारों द्वारा लगाए गए आरोपों को साजिश बताते हुए कहा कि टैंडर प्रक्रिया के दौरान उनका व सभासद राजीव शर्मा का नाम वास्तव में राजनीतिक द्वेष के कारण लिया जा रहा है। टैंडर प्रक्रिया में किसी को रोके जाने या धमकी देने के आरोपों को निराधार बताते हुए ठेकेदारों की टैंडर प्रक्रिया के दौरान अपनी लोकशन नहीं होने की बात की है।

## डिस्टीलरी के बाहर मंदिर विवाद में यथास्थिति के आदेश पारित

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** कुछ दिन पहले मंसूरपुर में स्थित डिस्टीलरी के बाहर संजीव बालियान ने पहुंचकर मंदिर व धर्मशाला की जमीन पर कब्जा कराने का आरोप मंसूरपुर चौकी इंचार्ज उमेश रोरिया पर लगाया था, जिसके बाद मुजफ्फरनगर सहित उत्तर प्रदेश की राजनीति पूरी तरह से गर्मा गयी थी और केन्द्रीय मंत्री की सुरक्षा भी तत्काल हटा दी गयी थी। बाद में केन्द्रीय मंत्री को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गयी थी। इस मामले में सिविल जज जूनियर डिवीजन श्री भुवन द्वारा खानूपुर मंदिर प्रकरण में यथास्थिति के आदेश पारित किये हैं। लम्बित वाद संख्या 515, सन् 2024 स्वरूप वैजिटेबल प्रोडेक्ट बनाम राजीव धनगर जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य एवं ग्रामसभा द्वारा पक्ष बनने पर माननीय न्यायालय द्वारा वादी के पक्ष में एक पक्षीय स्थगन आदेश को निरस्त कराने की बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गए थे, जिस पर सुनवाई करते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन श्रीभुवन द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद वादी के पक्ष में जारी स्थगन आदेश को निरस्त कराने के प्रार्थना पत्र पर पक्षों की सुनवाई के उपरान्त मा. न्यायालय द्वारा शासकीय अधिवक्ताओं द्वारा रखे गए पक्ष के मामले में अन्य विवादों के साथ साथ सार्वजनिक सम्पत्ति, सम्बंधित विवाद तथा धार्मिक भावना शामिल है का संज्ञान लेते हुए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश किये हैं।

# 12 राज्यों के 200 टोल प्लाजा में दो साल में 120 करोड़ का टोल टैक्स हड़प गया नटवरलाल

**नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश समेत 12 राज्यों में टोल टैक्स वसूली को लेकर 120 करोड़ रुपये के घोटाले का पदार्फाश हुआ है। अकेले मिजार्पुर के अतरैला टोल प्लाजा पर हर रोज 40 से 50 हजार रुपये की वसूली हो रही थी। एसटीएफ अतरैला टोल प्लाज पर छापा मारकर टोल मैनेजर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने एनएचएआई के अतरैला टोल प्लाजा पर छापा मारकर देशभर में फैले टोल वसूली के नेटवर्क से 120 करोड़ रुपये के घोटाले का पदार्फाश किया है। लखनऊ एसटीएफ ने बीते मंगलवार को मिजार्पुर के लालगंज स्थित अतरैला टोल प्लाजा पर छापा मारकर टोल मैनेजर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने आरोपियों के पास से 5 मोबाइल, दो लैपटॉप, प्रिंटर समेत 19 हजार रुपये भी किये बरामद किये हैं। एसटीएफ के इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने बताया कि एनएचएआई के दर्जनों टोल प्लाजा पर गड़बड़ी की शिकायतें मिलने के बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एसटीएफ की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 12 राज्यों में एनएचएआई के 200 टोल प्लाजा पर इस तरह की गड़बड़ी की जा रही थी। अकेले मिजार्पुर के अतरैला टोल प्लाजा पर हर रोज 40 से 50 हजार रुपये की गड़बड़ी की जा रही थी। यह गड़बड़ी दो साल से जारी थी और इस तरह




अकेले अतरैला टोल प्लाजा पर ही 3 करोड़ 28 लाख रुपये का गबन किया जा चुका है। बिना फास्टैग और फास्टैग अकाउंट में कम पैसे वाले वाहनों से टोल प्लाजा के कंप्यूटर में एनएचएआई के सॉफ्टवेयर सर्वर में गड़बड़ी कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया जाता था। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे रैकेट को अंजाम देने वाला आलोक नाम का एक इंजीनियर है जो एनएचएआई के सॉफ्टवेयर बनाने और इंस्टाल करने का काम करता है। आलोक एमसीए किया हुआ है और पहले टोल प्लाजा पर ही काम करता था। टोल प्लाजा पर काम करते हुए ही वह टोल प्लाजा का ठेका लेने वाली कंपनियों के ठेकेदारों के संपर्क में आया। आरोपी इंजीनियर आलोक ने एनएचएआई के ठेकेदारों और टोल प्लाजा के मालिकों की मदद से एक सॉफ्टवेयर बनाया। इस सॉफ्टवेयर को टोल प्लाजा पर लगे कंप्यूटरों में इंस्टाल कर दिया जाता था और इसका एक्सेस अपने लैपटॉप पर ले लेता था। इस गोरखधंधे में टोल प्लाजा के कर्मचारी और आईटी कर्मी भी शामिल थे। टोल प्लाजा लगे कंप्यूटरों में लगे सॉफ्टवेयर की मदद से बगैर फास्टैग वाले और फास्टैग अकाउंट में कम पैसे वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाता था। बिना फास्टैग वाले वाहनों से लिया जाने वाले टोल टैक्स की 5% राशी ठलअक के असली सॉफ्टवेयर से वसूली जाती थी ताकि किसी को फजीर्वाड़े का शक का न हो कि बिना फास्टैग वाले वाहनों का टोल टैक्स खाते में नहीं जा रहा है। जबकि नियम है कि बिना फास्टैग वाले वाहनों से वसूला गए टैक्स का 50% ठलअकके खाते में जमा करना होता है। इसके अलावा वाहन शुल्क मुक्त श्रेणी में दिखाकर वाहनों से अवैध वसूली भी की जाती थी और जिसकी पर्ची ठलअक के सॉफ्टवेयर के जैसी ही दिखती थी।

# अयोध्या हाईवे पर बड़ा हादसा : वैन-इनोवा और ट्रक की भिड़ंत में 4 लोगों की मौत, 7 गंभीर घायल

**लखनऊ, 23 जनवरी (एजेंसी)।** अयोध्या हाईवे पर बृहस्पतिवार रात बड़ा हादसा हो गया। इनोवा, वैन और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रात करीब 9 बजे वैन, इनोवा बाराबंकी की तरफ से लखनऊ आ रही थी। बीबीडी इलाके में ये दोनों वाहन आपस में टकरा गए तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने दोनों को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा गया। वैन दोनों गाड़ियों के बीच में फंस गई। वैन सवार शहजाद, देवा रोड चिनहट निवासी किरन यादव, उनका बेटा कुंदन और एक अन्य हिमांशु की मौत हो गई। हादसे में शाहजहांपुर के राजन, बरेली की तस्लीम व शकील, रामपुर के इंतजार, चिनहट के लाले यादव, अमरोहा के शाहरुख और सुशील घायल हो गए। चिनहट इंस्पेक्टर ने बताया कि क्रेन की मदद से सभी वाहनों को हाईवे से हटाया गया है। घायलों का लोहिया अस्पताल में इलाज जारी है। एक दो की हालत गंभीर है। मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई है।



# पत्नी की लाश के किए टुकड़े, फिर प्रेशर कुकर में लगाई सीटी

**हैदराबाद, 23 जनवरी (एजेंसी)।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में एक दिल को झकझोर देने वाली घटना घटी। एक पूर्व सैनिक ने नृशंसता की सारी हदें पार कर दीं। पूर्व सैनिक गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काटा और फिर उसे प्रेशर कुकर में उबाल दिया। आरोपित गुरु मूर्ति ने बीते 18 जनवरी को अपने माता-पिता के साथ हैदराबाद के बाहरी इलाके मीरपेट में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पत्नी वेंकट माधवी लापता है। पुलिस जब मामले की जांच में जुटी तो पता चला कि पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने गुरु मूर्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इससे बाद सारी सच्चाई सामने आ गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। पूछताछ के बाद ,आरोपी ने बताया कि उसने शव के टुकड़े कर प्रेशर कुकर में पकाया और फिर उन्हें तालाब में फेंक दिया।






## कॉमेडियन कपिल शर्मा को पाकिस्तान से मिली जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसी)।** सिनेमा जगत और सेलेब्स बीते समय से फिल्मों से ज्यादा धमकियों के मामले को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। सुपरस्टार सलमान खान का नाम भी जान से मारने की धमकी को लेकर काफी सुर्खियों में रहा है और अब इस कड़ी में नया नाम भारत के मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा का नाम शामिल हो रहा है। खबर है कि कपिल को एक धमकी भर ई-मेल आया है, जिसमें कॉमेडियन को जान से मारने को लेकर धमकाया गया है। सेलेब्स को जान से मारने की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है और आए दिन कोई न कोई सितारा इसके चलते चर्चा में आता है। फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार कॉमेडियन कपिल शर्मा को इस बार निशाना बनाया गया है और उन्हें धमकी भर ई-मेल मिला है। इस मेल में लिखा है- हम आपके के सभी कार्यों पर नजर रखे हुए हैं, जिन्हें आपने हाल में किया है। इस मामले को आपको ध्यान में लाना जरूरी है। ये कोई पब्लिसिटी स्टंय या परेशान करने का नहीं है। अगले 8 घंटे के अंदर अगर जवाब नहीं मिला तो हम जरूरी कार्रवाई करेंगे।

## केजरीवाल की सुरक्षा में कटौती, सुरक्षा में तैनात पंजाब पुलिस के जवान हटाए गए

**नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा में कटौती की गई है। पंजाब पुलिस के जवानों को केजरीवाल की सुरक्षा से हटा दिया गया है। अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में अब पंजाब पुलिस के जवान मुस्तैद नहीं रहेंगे। पंजाब पुलिस ने सुरक्षा में तैनात अपने जवानों को वापस बुला लिया है। दिल्ली पुलिस ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी थी। पंजाब के डीजीपी सिक्योरिटी एसएस श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ समय से पंजाब पुलिस के जवान केजरीवाल की सुरक्षा में तैनात थे, हालांकि दिल्ली पुलिस की शिकायत के बाद हमने सुरक्षाकर्मियों को वापस बुला लिया है।



# ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बुस.)।** ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में नेता जी सुभाष चंद्र बोस का 128वां जन्मदिन पराक्रम दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, हैड मिस्ट्रेस ममता चौहान, काउंसलर कंचन सोनी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और सभी अध्यापक- अध्यापिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को नेताजी के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम कक्षा 11-अ की छात्रा अन्वेषा यादव ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की सम्पूर्ण जीवनी डिजिटल विडियो के माध्यम से दर्शाई। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राएँ अन्वेषा यादव, अविका, कृतिका धीमान, मान्यता श्रीवास्तव, मन्नत गर्ग, मनिका तोमर ने सुभाष चंद्र बोस जी का जीवन परिचय देते हुए उनके स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु संघर्ष पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। ऋतु जैन के सानिध्य में छात्र-छात्राओं ने सुभाष चन्द्र जी के जीवन से सम्बन्धित प्रेरणादायक प्रसंगों को कला-कृतियों व होलोग्राम के माध्यम से पुनः जीवित कर सभी के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता ने सुभाषचन्द्र बोस जी के बारे में बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि वे एक वीर सैनिक, योद्धा, महान सेनापति और कुशल राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने के लिए आजाद हिंद फौज के गठन से लेकर हर भारतीय को आजादी का महत्व समझाने तक हर काम को किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य आजाद वीर ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि नेताजी का प्रसिद्ध नारा ह्यतुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' यह केवल एक नारा ही नहीं था बल्कि इस नारे ने भारत में राष्ट्रभक्ति का ऐसा जोश पैदा किया, जो भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति का आधार बना। भारत को ही नहीं बल्कि समस्त भूमंडल को अपनी चतुराई, प्रतिभा एवं संगठन शक्ति से प्रभावित करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस वह नाम है, जो शहीद देशभक्तों के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ है। करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत, आजाद हिंद फौज के नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज पूरा देश पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है, जिस प्रकार नेताजी अपने मन में उच्च विचार रखते हुए अपने लक्ष्य पर पहुंचकर ही दम लेते थे। उसी प्रकार हमें भी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर प्रगतिशील रहकर समाज एवं राष्ट्रहित में अपनी एक पहचान स्थापित करनी चाहिए। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए नेताजी का संघर्ष एवं योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता मिश्रा, अन्वेषा यादव, हर्षित गौतम एवं दिव्यांशी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भाविप संकल्प ने नेताजी की जयंती मनाई



**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बुस.)।** भारत विकास परिषद संकल्प के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयन्ती का आयोजन पराक्रम दिवस के रूप मे किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता लोकेश चन्द्र रहे। बृजलाल गुप्ता व सुभाष गुप्ता, रागिनी गर्ग व डा. अजय गर्ग, कमल गोयल, विष्णु स्वरूप अग्रवाल, अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता व गांधी कालोनी सोसाइटी के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर नेता जी का जय-जयकार किया।

# बसन्त शिक्षा सदन में धूमधाम से मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**मीरापुर, 23 जनवरी (बु.)।** कस्बे की शिक्षण संस्था बसंत शिक्षा सदन इण्टर कॉलेज में देश की आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम के साथ मनाई गयी। इस दौरान सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिव कुमार तथा विद्यालय संरक्षिका अंजु नागर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रधानाचार्य शिवकुमार ने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। शिक्षक वेद प्रकाश ने नेताजी के जीवन से परिचित कराया।

# अर्जुन अवार्डी पैरा एथलीट प्रीति पाल का मीरापुर में स्वागत किया



**मीरापुर, 23 जनवरी (बु.)।** अर्जुन अवार्डी पैरा एथलीट प्रीति पाल का नागरिकों ने फूल-मालाएं पहनाकर व बुके भेंट कर स्वागत किया। नागरिकों ने प्रीति पाल को मिठाई खिलाकर क्षेत्र का नाम रोशन करने की बधाई दी। हाशमपुर निवासी प्रीति पाल ने पेरिस में पैरालंपिक दौड़ में दो कांस्य पदक जीतकर देश का नाम विश्व में रोशन किया था, जिसके बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दिल्ली में प्रीति पाल को अर्जुन अवार्ड देकर सम्मानित किया था, जिसके बाद से लगातार प्रीति पाल व उनके परिवार को लगातार बधाइयां मिल रही हैं तथा प्रीति पाल का लगातार क्षेत्र में स्वागत हो रहा है। गुरुवार को मीरापुर के नागरिकों ने गांव पहुँचकर अर्जुन अवार्डी प्रीति पाल को बुके भेंट कर व फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान स्वागत करने वालों में मुख्यरूप से मोनू ठाकुर, करण ठाकुर, अर्जुन ठाकुर प्रवीण कौशिक, ललित पाल, सुनील पाल ,अनिल पाल,गोल्डी पाल आदि शामिल रहें।

# शहीद बाबा दीप सिंह जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया



**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** शहीद बाबा दीपसिंह जी के जन्म दिवस गुरूवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान शहीद बाबा दीप सिंह यूथ फाउंडेशन जागदी जमीर मोर्चा मुजफ्फरनगर इकाई की ओर से नगरीय क्षेत्र में नगर कीर्तन के माध्यम से बाबा दीपसिंह जी का गुणगान किया गया। गुरूद्वारा ईशा दरबार की ओर से निकाले गए नगर कीर्तन में साध संगत ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गांधी कालोनी गुरूद्वारा से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन मुख्य मार्गों से होते हुए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा रोडवेज बस स्टैंड पर समाप्त हुआ। इस बीच बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने नगर कीर्तन में प्रतिभाग किया। इस दौरान गुरूद्वारा साहिब को फूलों के साथ रंग बिरंगी लाइटों के साथ सजाया गया। गुरूवार को नगर कीर्तन गांधी कॉलोनी गुरूद्वारा से प्रारंभ होते हुए मुख्य मार्ग गांधी कॉलोनी, द्वारकापुरी से भोपा रोड, रेलवे पुल, मदन स्वीट्स, मालवीय चौक, अंसारी रोड, रुड़की रोड, शिवचौक होते हुए वापस टाउनहाल से रेलवे रोड होते हुए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा रोडवेज बस स्टैंड में समाप्त हुआ। इस दौरान चेयरमैन हनी सिंह सेखो, प्रधान गुरजीत सिंह, महासचिव जितेन्द्र पाल सिंह, हरजिन्दर सिंह, कमलदीप सिंह, हन्नी सिंह बेदी, जगप्रीत सिंह आदि का सहयोग रहा।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1400, रसकट ढैया 1220-1240, चाकू 1370-1555, लड्डू 1420-1492, खुरपापाड़ 1330-1370, शक्कर मसाला 1400-1520। आमद- 7000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 81300 | चांदी- | 92050 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 60775 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 24 जनवरी, 2024**

**मेष-** आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
**वृषभ-**व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय लाभदायक, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।
**मिथुन-** आज दिन 10/04 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, सुसंदेश।
**कर्क-** आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आर्थिक व्यापारिक प्रगति, धार्मिक कार्यों में रुचि, प्रसन्नता भी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।
**सिंह-** समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।
**कन्या-**साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूसरों के आश्वासनों से राहत।
**तुला-** आज दिन 10/04 बजे तक ग्रहस्थिति विपरीत, जोखिम से हानि, व्यावसायिक निराशा, शेष समय में उत्तरदायित्व की पूर्ति, सफलता, मनोविनोद।
**वृश्चिक-** आज दिन 10/04 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।
**धनु-** व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।
**मकर-** समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।
**कुम्भ-** आज दिन 10/04 बजे तक व्यवधान, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, योजना कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।
**मीन-** आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान, वैचारिक अस्थिरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में मनाई गई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती





**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बुस.)।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान देने वाले सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको अपनी भावांजलि दी और देश की आजादी के लिए किये गये उनके संघर्ष को सभी के सम्मुख रखते हुए विद्यार्थियों को देश के महान सेनानियों और महापुरूषों के जीवन आदर्श से प्रेरणा ग्रहण करने की सीख दी। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में गुरूवार को देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक कमांडर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन संघर्ष को अपने भाषण और कविताओं के माध्यम से सामने रखते हुए उनको नमन किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने संदेश में कहा कि सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। वो गजब के साहसी थे और यही कारण है कि आज उनकी जयंती को देशभर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उनका जीवन आदर्श हम सभी को राष्ट्रवाद के लिए प्रेरित करते हुए निःस्वार्थ भावना से देशसेवा के लिए जागृत करने का भी काम करता है। उन्होंने सभी को नेताजी के जीवन संघर्ष और आदर्श को अपनाते हुए देश भक्ति की भावना के साथ देश के लिए योगदान देने को प्रेरित करते हुए नेताजी को नमन किया। इस दौरान समस्त स्टाफ ने उनको भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की।

# भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले नव नियुक्त समिति चेयरमैन



**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** सहकारी समितियों में बीते दिनों हुए चुनाव में समितियों के चेयरमैन पद पर निर्वाचित होने के बाद विजयी रहे प्रत्याशियों ने गुरूवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी से मिलकर उनको पगड़ी और पटका पहनाकर इस बीच सम्मानित किया और जीत की खुशी को उनके साथ साझा किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष का स्वागत एवं मिष्ठान वितरित करते हुए नवनिर्वाचित चेयरमैन ने एक दूसरे का मुंह मीठा किया। बता दें, बीत दिनों जनपद में हुए बहुउद्देश्यीय सेवा सहकारी समिति नवादा के सभापति पद के चुनाव में नरेश कुमार गुर्जर ने जीत दर्ज की थी। इससे पहले सहकारी गन्ना विकास सोसायटी तितावी के सभापति पद पर शंकर सिंह भोला की पत्नी ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार के रूप में जिले में जीत हासिल की थी। गुरूवार को इस जीत की खुशी को साझा करने के लिए नव निर्वाचित चेयरमैन नरेश गुर्जर, शंकर सिंह भोला और युवा भाजपा नेता विकल्प जैन ने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी से मुलाकात की और उन्हें शॉल एवं माल्यार्पण करते हुए उनको सम्मानित करते हुए अपनी जीत की मिठाई भी खिलाते हुए भाजपा एवं जनपदवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:639/E-Tender/CM-NSY/2024-25 दिनांक:- 23/01/2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2024-25 में नवीनीकृत /किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि '' मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत'' निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 30.01.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं । वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 24/01/2025 की प्रातः10 बजे से दिनांक 30/01/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 30/01/2025 की सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| सहायक अभियन्ता (निर्माण)<br>नगर पालिका परिषद्<br>मुजफ्फरनगर | अधिशासी अधिकारी<br>नगर पालिका परिषद्<br>मुजफ्फरनगर | अध्यक्ष<br>नगर पालिका परिषद्<br>मुजफ्फरनगर |

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:487/कर/2024-25 दिनांक:- 23/01/2025

## नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गौशाला रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर में जैन स्वीट्स के बराबर में भूतल व प्रथम तल जो 84.10 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित है, इन दो दुकानों की नीलामी टाउन हॉल मुजफ्फरनगर में दिनांक 04.02.2025 को 12:30 बजे से प्रारम्भ होगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को भूतल की दुकान हेतु अंकन रू0 1.70,000/-रू0 तथा प्रथम तल की दुकान हेतु अंकन 1,00,00/-रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक अथवा नकद पैन कार्ड, आधार कार्ड व चरित्र प्रमाण पत्र जो जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी हो, दिनांक 03.02.2025 को किराया लिपिक के पास जमा कराने होंगे। भूतल की बोली अंकन 17 लाखा व प्रथम तल की बोली 10 लाखा से प्रारम्भ होगी।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति/फर्म समय के अन्दर अपने-अपने अभिलेख कार्यालय में जमा करा दें, नीलामी की विस्तृत शर्तें पालिका के नोटिस बोर्ड पर अवलोकित की जा सकती हैं। अधिक जानकारी पालिका के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
मुजफ्फरनगर

# बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई के साथ मारपीट

**भोपा, 23 जनवरी (बु.)।** कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली छात्रा के साथ छेड़छाड़ का विरोध करना छात्रा के भाई को भारी पड़ गया। शोहदों ने विरोध कर रहे भाई के साथ जमकर मारपीट की। भोपा निवासी महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरी पुत्री गुरुवार को सुबह कोचिंग सेंटर जाते समय पड़ोसी गांव के युवक ने छेड़छाड़ की, जिसका मेरे पुत्र ने विरोध किया, तो उक्त युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिसके पश्चात मेरे पुत्र को दुकान में अंदर बंद कर दिया। इसी दौरान मेरी पुत्री वहां से कहीं चली गई है, जिसको काफी तलाशने पर भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है तथा पुत्र के शरीर पर चोट आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बैंक लोन में वसूली करने गई टीम के साथ हुआ दुर्व्यवहार

**बुढ़ाना, 23 जनवरी (बु.)।** थाना फुगाना के गांव कुरावा में किसान सुबोध पुत्र सुखबीर ने बैंक से ऋण लिया था। ऋण जमा न करने पर बैंक द्वारा उसकी आरसी जारी कर दी गई। संग्रह अमीन, राजस्व विभाग की टीम के साथ बृहस्पतिवार को वसूली के लिए गांव कुरावा पहुंचे। आरोप है कि किसान व उसके पुत्रों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों को थाना फुगाना लाया गया। तहसीलदार ने बताया कि किसान ने ऋण की सारी धनराशि जमा करवा ली गई है। किसान के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई।

# शिविर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का किया गया परीक्षण

**बुढ़ाना, 23 जनवरी (बु.)।** अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ के तत्वाधान में राजकीय इंटर कॉलेज गढ़ीसखावतपुर में पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। सीएचसी बुढ़ाना के चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्या बताई। चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया व सुझाव दिए गए। मनोचिकित्सक डॉ. कपिल आत्रेय ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक व संवेगात्मक परिवर्तन के बारे में विद्यार्थियों की समस्याएं सुनी तथा इनसे बचाव के उपाय बताए। इस मौके पर डॉ. गौरव अहलावत, डॉ. अमित तोमर, डॉ. पारस मणि शर्मा व प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे। स्कूल की प्रधानाचार्या अंशु सिंह ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

# बुढ़ाना में सुभाष चंद बोस की जयंती धूमधाम से मनाई

**बुढ़ाना, 23 जनवरी (बु.)।** शासनादेश अनुसार आज बृहस्पतिवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौ. जमील अहमद के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महान देशभक्त और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा विद्यालय स्टाफ और उपस्थित समस्त बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ भी ली गई। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि 26 जनवरी को जहां हम गणतंत्र दिवस के रूप में सेलिब्रेट करते हैं, तो वहीं आज यानी कि 23 जनवरी 2025 को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती जिसे पराक्रम दिवस या साहस दिवस के रूप में भी जाना जाता है। भारत के सबसे प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में से एक नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सम्मानित करने के लिए 23 जनवरी को प्रतिवर्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण सं. 3405 दिनांक 01.03.2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम तुबा त्यागी अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**शाहदीन पुत्र मुस्ताक**
सी-35, गिरधारीपुरा, 200 फुट बाईपास, जयपुर-राजस्थान-302021

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण सं.12427 दिनांक 19.11.2016 में गलती से नाम परी अंकित कराया गया था जबकि उसका स्कूल रिकार्ड में नाम नव्या सैनी है और भविष्य में इसी नाम से जाना जाए ।

**आयुष सैनी**
**S/o जय भगवान सैनी**
132, कुन्दनपुरा, मुजफ्फरनगर



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती

**सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई जा रही है। हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस मनाया जाता है। इस पराक्रम दिवस को मनाए जाने की शुरूआत नेताजी की 125वीं जयंती 23 जनवरी 2021 से हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी सहित कई नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन किया। नेताजी का साहसी नेतृत्व, उनकी जीवनी भारतीयों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाने वाली नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर, मैं भारत माता के महानतम सपूतों में से एक को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सबसे दृढ़ निश्चय और प्रेरक व्यक्तियों में से एक हैं। स्वतंत्रता के लिए उनके आह्वान ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए नेताजी का अथक दृढ़ संकल्प और आजाद हिंद फौज का उनका साहसी नेतृत्व भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमन्त्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,पराक्रम दिवस पर मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान अद्वितीय है। वे साहस और धैर्य के प्रतीक थे। उनका विजन हमें प्रेरित करता रहता है, क्योंकि हम उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। मैं कामना करता हूं कि यह दिन हमारी आने वाली पीढ़ियों को सुभाष बाबू की तरह चुनौतियों का सामना करने के लिए साहस अपनाने की प्रेरणा दे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 'जय हिंद और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जैसे ओजस्वी नारों के माध्यम से देशवासियों में देश प्रेम और क्रांति की लहर का संचार करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं हमारे प्रेरणास्रोत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका प्रेम और समर्पण व सांप्रदायिकता के खिलाफ उनका कड़ा विरोध, हम सभी को सदा राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि महान क्रांतिकारी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। नेताजी का नेतृत्व, साहस, सामाजिक न्याय के लिए उनका संघर्ष, सहिष्णुता और समावेशिता के प्रति उनका योगदान आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है। भारत माता के अमर सपूत को मेरा सादर नमन, जय हिंद! प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने वहां मौजूद बच्चों से भी संवाद किया। पीएम ने बच्चों के साथ मिलकर जय हिंद के नारे भी लगाए। प्रधानमन्त्री ने नेताजी की जयंती के अवसर पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित भी किया। प्रधानमन्त्री ने लोगों से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। उन्होंने आराम की जगह देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया। इसी तरह हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। 23 जनवरी 1897 को सुभाष चंद्र बोस का जन्म एक संपन्न परिवार में हुआ था। सुभाष के पिता जानकीनाथ बोस नामी वकील थे। उनका आरम्भिक जीवन ओडिशा के कटक में बीता। उनके 9 भाई-बहन थे। सुभाष आरम्भ ही से मेधावी छात्र थे, इसलिए कटक से कलकत्ता आकर मशहूर प्रेसिडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया था। सुभाष चंद्र बोस ने कलकत्ता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से बीए किया। बाद में लंदन चले गए। जहां आईसीएस की परीक्षा में उन्हें मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान मिला। बोस जब इंग्लैंड से पढ़ाई करके भारत लौटे, तो 25 साल के हो चुके थे। 04 जुलाई 1943 को सिंगापुर के कैथे भवन में आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह में रास बिहारी बोस ने आजाद हिंद फौज की कमान नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सौंप दी। नेताजी आजाद हिंद फौज के कमांडर बन गए। अगले दिन 5 जुलाई को 10.30 बजे वर्दी में परेड हुई। उस समय आईएनए के 12 हजार सैनिक मौजूद थे। नेताजी भी सैन्य वर्दी में थे। नेताजी ने कहा कि आजाद हिंद फौज ने युद्ध की घोषणा कर दी है,चलो दिल्ली! सैनिकों मैं सुख-दुख, धूप-छांव हर समय तुम्हारे साथ रहूंगा। मैं तुम्हें भूख-प्यास, अभाव और मौत के अलावा कुछ नहीं दे पाऊंगा, लेकिन आप मेरा अनुसरण करेंगे, तो मैं आपको आजादी और जीत की ओर ले जाऊंगा। 21 अक्टूबर 1943 को बोस ने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनाई, जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपीन्स, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड सहित 11 देशों की सरकारों ने मान्यता दी थी। जापान ने अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, इस अस्थायी सरकार को दे दिए। सुभाष उन द्वीपों में गए और उनका नया नामकरण किया। 1944 को आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। कोहिमा का युद्ध 04 अप्रैल 1944 से 22 जून 1944 तक लड़ा गया, जो एक भयंकर युद्ध था। इस युद्ध में जापानी सेना को पीछे हटना पड़ा था और यही एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ। 1945 में अंग्रेजी हुकूमत नेताजी के पीछे पड़ गई थी। इसलिए उन्होंने रूस से मदद मांगने का मन बनाया। 18 अगस्त 1945 को उन्होंने मंचूरिया की तरफ उड़ान भरी। 05 दिन बाद 23 अगस्त 1945 को टोक्यो रेडियो ने जानकारी दी कि एक केआई-21 बॉम्बर प्लेन ताइहोकू एयरपोर्ट के पास क्रैश हो गया। इसमें सवार सुभाष चंद्र बोस बुरी तरह जल गए और अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सुभाष चंद्र बोस के निधन पर दुनिया भर की 10 से ज्यादा कमेटियों ने जांच की है। आजाद भारत की सरकार ने तीन बार इस घटना की जांच के आदेश दिए। पहले दोनों बार प्लेन क्रैश को हादसे का कारण बताया गया। तीसरी जांच में कहा गया कि 1945 में कोई प्लेन क्रैश की घटना ही नहीं हुई। बाद में दशकों तक उन्हें कहीं-कहीं देखे जाने की बातें सामने भी आती रहीं, लेकिन कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ।**

# क्रांति सेना-शिवसेना ने किया नेताजी व बाला साहेब को याद

## जन्म जयंती कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने तलवार वितरण करके किया शिवसैनिकों को सम्मानित





**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** क्रांति सेना एवं शिवसेना ने गुरूवार को आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस व हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे जी की जयंती को धूमधाम से मनाया। प्रकाश चौक स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी कुशपुरी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस व हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे आज के युग में एक आदर्श पुरुष हैं, उनके द्वारा किए कार्य महान हैं। उन्होंने कहा कि क्रांति सेना-शिव सेना द्वारा आयोजित बाला साहेब ठाकरे की स्मृति में किया कार्यक्रम प्रशंसनीय है।

शिव सेना वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे जी के सपनों को पूरा करने का भार हमारे ऊपर ही है। बहुत जल्द प्रदेश में एक बड़ा संगठन तैयार हो जाएगा। क्रांति सेना के राष्ट्रीय महासचिव संजीव शंकर ने शहर में बाला साहेब ठाकरे की स्मृति में एक "ठाकरे चौक" की स्थापना करने की मांग की। कार्यक्रम संचालन शरद कपूर ने किया। इस दौरान क्रांति सेना और शिवसेना के उन सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को तलवार देकर सम्मानित किया जाएगा, जो वर्षों से संगठन को अपने खून पसीने से सींच रहे हैं। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने की खातिर हिन्दुत्व की रक्षा की खातिर तलवार देकर शिव सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व सभासद विकल्प जैन व सहकारी समिति अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने अपने विचार प्रकट किए। मुख्य रूप से आनंद प्रकाश गोयल, शिवसेना जिलाध्यक्ष मुकेश त्यागी,आलोक अग्रवाल, महिला मंडलाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम चौधरी, कराटे किंग वेद प्रकाश शर्मा, देवेंद्र चौहान, संजय आर्य, गौरव गर्ग, सोनू पालीवाल, संजीव वर्मा, चौधरी ब्रह्मपाल, अजय सैनी, योगेंद्र सैनी, मिंटू मेहरा, मनोज कश्यप आदि मौजूद रहे।

# डीएस पब्लिक स्कूल ने किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन



**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें पुष्पांजलि देकर श्रद्धापूर्वक नमन किया। स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन, प्रधानाचार्य गगन शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व उपस्थित विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन ने मां भारती के अमर सपूत, नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को नेताजी के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में दिए अतुलनीय योगदान के विषय में बताया। आजाद हिंद फौज के गठन के बूते उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाइयाँ लड़ी। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूँगा, दिल्ली-चलो एवं जय-हिंद जैसे ओजस्वी नारों से उन्होंने आमजन को स्वाधीनता की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। नेताजी ने जहां देश की स्वतंत्रता के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरी छोड़ दी थी। वहीं 1938 में उन्हें कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। देश ऐसे वीर सपूतों का हमेशा ऋणी रहेगा। स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बच्चों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान पुरोधा एवं अमर क्रांतिकारी, माँ भारती के यशस्वी सपूत, महानायक सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं भारतीय स्वतंत्रता के लिए उनके द्वारा किए सघर्ष के विषय में बताया। इस दौरान शिक्षिका हेमा पांडे ने नेताजी को समर्पित कविता पढ़ी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी नेताजी के जीवन से जुड़े राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत प्रेरक प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर हमेशा राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहने का संकल्प लेते हुए देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करने की शपथ ली।

# छह साल की लापता बालिका को बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**खतौली, 23 जनवरी (बु.)।** कोतवाली पुलिस ने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए मानवता का परिचय देकर लापता 6 वर्षीय बालिका को बरामद कर पिता के सुपुर्द किया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जानसठ के गांव तिसंग निवासी जब्बार अपनी 6 वर्षीय पुत्री इनायत का आधार कार्ड सही कराने अपने गांव से खतौली जी0टी0 रोड़ स्थित स्टेट बैंक आया था। बताया जाता है जब पिता आधार कार्ड सही करवाने में जुटा हुआ था, इसी दौरान उसकी पुत्री इनायत वहां से गायब हो गयी।काफी तलाश के पश्चात भी पुत्री का कोई पता न चलने पर पिता जब्बार ने तत्काल इसकी सूचना खतौली कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा को दी। लापता मासूम बच्ची के पिता के मर्म को समाते हुए कोतवाली प्रभारी के निर्देशानुसार उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार व शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम लापता इनायत की तलाश में जुट गयी। पुलिस टीमों के अथक प्रयास से लगभग दो घन्टे की भाग दौड़ के पश्चात लापता इनायत बैंक शाखा से लगभग एक किलोमीटर दूरी पर सकुशल मिल गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा इनायत को उसके पिता की सुपुर्दगी में दे दिया। बच्ची के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गयी । परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# बंद कमरे में बिस्तर पर बैंक के कैशियर की मिली लाश

**कुशीनगर, 23 जनवरी (एजेंसी)।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में बुधवार की सुबह एक बैंककर्मी का शव उसके कमरे में मिला। इसकी खबर मिलते ही मोहल्ले वालों की भीड़ जुट गई। फाटक तोड़कर पुलिस की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। रात में बंद कमरे में ब्लोअर चलाकर बैंककर्मी सोया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गोरखपुर के कोतवाली क्षेत्र के अलीनगर निवासी 30 वर्षीय उज्ज्वल अग्रवाल कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी के यूपी बड़ौदा बैंक में कर्मचारी थे। उनके पिता राजू अग्रवाल भी बैंककर्मी थे। उनकी सेवाकाल में ही मौत हो गई तो बेटे उज्ज्वल को अनुकंपा से नौकरी मिली थी। बैंककर्मी अग्रवाल नगर पालिका के पंडित दीनदयाल नगर में एक मकान में किराए पर कमरा लेकर अकेले रहते थे। रात को भोजन करके वह अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह काफी देर तक उनका फाटक नहीं खुला और सफाई करने के लिए पहुंची महिला ने आवाज दी तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। मोहल्ले के लोग पहुंचे और उज्ज्वल के कमरे का फाटक पीटने लगे, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़वाया तो बैंककर्मी की बिस्तर पर लाश पड़ी थी। पुलिस ने घर वालों को इसकी जानकारी दी।

# पीआर पब्लिक स्कूल में मनाई गई नेताजी की जयंती



**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस हर्ष व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान विशेष प्रातः कालीन सभा में स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल, निदेशक अनघ सिंघल, प्रधानाचार्या मानसी सिंघल द्वारा नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बच्चों ने नेताजी के व्यक्तित्व से संबंधित भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत किए। शिक्षिका बीना वत्स ने बच्चों को नेताजी के जीवन की जानकारी देते हुए बताया कि उनके जन्म दिवस को हम पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। नेताजी को जन्म के सवा सौ वर्षों के बाद भी यदि आज हम याद कर रहे हैं तो उसके कुछ खास कारण हैं। उनका व्यक्तित्व विशाल था और कृतित्व अद्भुत। नेताजी के जीवन से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। पहली सीख यह कि व्यक्ति जो कुछ भी करें वह न तो किसी के दबाव में करे और न ही किसी के प्रभाव में। सदैव अपने स्वभाव से कार्य करना चाहिए। वहीं दूसरी महत्वपूर्ण सीख नेताजी के जीवन से यह मिलती है कि हमें अपने व्यवहार में शिष्टाचार, वाणी में मधुरता और व्यक्तित्व में निष्ठा को शामिल करना चाहिए। प्रधानाचार्य मानसी सिंघल ने बच्चों को बताया कि अध्ययन व चिंतन ने उनके ज्ञान स्तर को उच्च शिखर पर ला दिया था। वे पद और प्रभाव के आभामंडल में घिरने वाले व्यक्ति नहीं थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अंडमान निकोबार के एक द्वीप का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखा, जिसे नेताजी ने आजाद कराया था। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने नेताजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। मुश्किल परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और अपने साहस का परिचय दिया। इस दौरान आकृति बंसल, तनीषा, अंशिका शर्मा, सृष्टि, खुशी, तन्मय, सौम्या, सत्यम, समर्थ, आशी, जानवी, ईशानी, दिव्या शर्मा, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, शंकर शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

# एसडीएम मोनालिसा ने खतौली में जगाई नशा मुक्ति की अलख, निकाली जागरुकता रैली



**खतौली, 23 जनवरी (बु.)।** आधार शीला ग्रामोथान सेवा संस्थान व स्वर्गीय लाला रामचन्द्र सहाय रूरल डवलपमेंट फांउडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नगर में निकाली गयी नशामुक्ति रैली का एसडीएम मोनालिसा जौहरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक व खतौली सीएचसी प्रभारी डा0अविनाश सिंह द्वारा हरी न्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से प्रारम्भ हुई नशामुक्ति रैली का शुभारम्भ किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से प्रारम्भ हुई नशामुक्ति रैली का शुभारम्भ करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक ने सेवा संस्थान के अध्यक्ष वसीम अहमद व डा0 अंकुर प्रकाश गुप्ता के नशामुक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नशे के दुष्परिणामों से अवगत होते हुए भी लोगों में बढ़ती नशे की आदत परिवार व समाज के लिए घातक सिद्ध रही है, इसके लिए सर्वसमाज को पहल कर-के नशामुक्ति अभियान में सहभागगिता निभानी चाहिये। उप-जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने कहा कि हमें अपने परिवार व समाज के हित के लिए एक सकारात्मक माहौल बनाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए तथा नशामुक्ति अभियान में सहभागिता निभाते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर इस बुराई को समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। नशामुक्ति रैली में जहां लगभग एक दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राऐं हाथों में स्लोगन लिखी दफ्ती लिये हुए नशा मुक्ति के नारों का उद्घोष कर रहे थे, वहीं रैली में भारी संख्या में नगर के गणमान्य लोग शामिल रहे। रैली का नगर के घन्टाघर पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का संस्थानो की ओर से नागरिक अभिनन्दन किया गया। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से प्रारम्भ होकर नगर की मुख्य सड़कों से होकर जानसठ तिराहे पर समाप्त हुई। इस दौरा न समाज सेवी वसीम अहमद, डा0अंकुर प्रकाश गुप्ता द्वारा रैली में शामिल विद्यालयों व समाजिक संगठनो का आभार व्यक्त किया गया। रैली में मिर्जा मुल्तानी, इन्जीनियर उस्मान,अफजल अहमद नगर अध्यक्ष, अफजल अहमद, सुगन्धा नारंग, डा0अंकुर शर्मा, ऋतु गुप्ता, डा0कविता नागर, डा0अथर, मौ0अहसान, गुलरेज, सुमन,नाहिद बब्लू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# सैफ पर नितेश राणे का विवादित बयान- 'कचरा हट जाता तो अच्छा था'

**मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसी)।** अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हुए हमले को लेकर बीजेपी नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने तंज किया है। सैफ अली खान पर हुए हमले का मजाक उड़ाते हुए नितेश राणे ने कहा कि सही में चाकू लगा था या एक्टिंग थी। उन्होंने कहा कि देखो यह घुसपैठी बांग्लादेशी मुंबई में क्या कर रहे है। देखो इनकी हिम्मत। पहले सड़क पर रहते थे, अब लोगों के घर में घुस रहे हैं। सैफ अली खान के घर में घुसे। शायद वे उसे (सैफ को) ले जाने आए थे। यह अच्छा है, कचरा हटा दिया जाना चाहिए। नितेश राणे ने आगे कहा, "मैंने देखा कि जब वे अस्पताल से बाहर आए, तो मुझे शक हुआ कि उन्हें चाकू मारा गया था या वह अभिनय कर रहा था। वह चलते समय नाच रहा था। कैसे टुन-टुन नाचते हुए घर में जा रहा था। जब भी शाहरुख खान या सैफ अली खान जैसे किसी खान को चोट लगती है, तो हर कोई इसके बारे में बात करना शुरू कर देता है। जब सुशांत सिंह राजपूत जैसे हिंदू अभिनेता को प्रताड़ित किया जाता है, तो कोई भी कुछ कहने के लिए आगे नहीं आता है।" महाराष्ट्र के मंत्री ने कहा, "मुंब्रा के जीतुद्दीन (जितेंद्र आव्हाड) और बारामती की ताई (सुप्रिया सुले) कुछ कहने के लिए आगे नहीं आईं। उन्हें केवल सैफ अली खान, शाहरुख खान के बेटे और नवाब मलिक की चिंता है। क्या आपने कभी उन्हें किसी हिंदू कलाकार की चिंता करते देखा है। आप लोगों को इन सब बातों पर ध्यान देना चाहिए।" उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा था, "डॉक्टरों का कहना था कि सैफ अली खान की पीठ में 2.5 इंच अंदर तक चाकू घुसा था। संभवतः अंदर ही फंसा था।

# गालिबपुर में अफसरों ने जनता दरबार लगाकर सुनी फरियाद, ग्रामीण खुश

## एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में सुनी जनसमस्या, कई मामलों का निस्तारण



**खतौली, 23 जनवरी (बु.)।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गांव गालिबपुर में आयोजित तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने नागरिकों की विभिन्न-विभिन्न विभागों से सम्बन्धित शिकायतों का अधिकांश रूप से मौके पर निस्तारण किया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव गालिबपुर में आयोजित तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में राजस्व, विकास, पशुपालन, विद्युत आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारी स्वयं मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने भी भारी उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान अपनी कार्यशैली के कारण अपनी पहचान बना रही एसडीएम मोनालिसा जौहरी द्वारा शासन द्वारा प्रारम्भ योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी देते हुए विभिन्न विभागों से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों से आह्वान किया गया। उन्होंनें किसानों से किसान फार्मर रजिस्ट्री का पंजीकरण भी शीघ्र कराने पर बल दिया। कार्यक्रम में उप-जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों की अधिकांश समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया तथा कार्यक्रम में मौजूद विभागीय अधिकारियों को आम जनमानस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी,एडीओ समाज कल्याण,एडीओ पंचायत ,राजस्व निरीक्षक आदि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में अपनी मूलभूत समस्याओं का मौके पर तत्काल निस्तारण होने से कार्यक्रम में आये ग्रामीणों द्वारा उप-जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना की गयी तथा उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एसडीएम द्वारा पात्रों को कम्बलो का भी वितरण किया गया।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'वोट' 'दिल्ली' 'जेल' 'सच'**

आप मुझको वोट देना, दिल्ली वालों देखना,  
जेल में भिजवाया मुझको और पिटवाया बहुत।  
सच तो ये है,सच यही है, पर मैं ये कैसे कहूं?  
जेल में भिजवाया मुझको और पिटवाया बहुत।

# सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बुस.)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि हमें सुभाष चंद्र बोस के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने उन्हें पुष्प अर्पित किए। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी बॉबी इंद्रलोक ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज पूरे प्रदेश में मनाई जा रही है। उन्होंने इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें नेताजी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर बालेंद्र मौर्य, रामपाल सिंह पाल, फरमान चौधरी, मीर हसन, पवन गिरी, फिरोज अख्तर, दुर्गेश पाल, पंकज शर्मा, कपिल राठी, विनय कुमार, सत्येंद्र कुमार, सोमपाल भाटी आदि सैकड़ों सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

सिंघल नर्सिंग होम

डॉ. विकास सिंघल  
M.B.,B.S. (MAMC), M.R.C.S. (GLASGOW)  
F.A.C.S. (AMERICA)  
American Board of Surgery Diplomate  
Fellowship Advanced Laparoscopic  
Surgery (U.S.A.)  
(एसोसिएट डायरेक्टर, मेदान्ता अस्पताल, गुड़गाँव)

दिनांक 25.01.2025, दिन-शनिवार को

डॉ. विकास सिंघल

(एडवांस जीआई सर्जन, रोबोटिक एंड बेरिएट्रिक सर्जन)

पेट, आँत, जिगर पैन्क्रियाज़, पित्त की थैली, कैंसर, हर्निया, अत्यधिक वज़न, एसिडिटी से पीड़ित मरीज़ों को देखेंगे।

नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें

सिंघल नर्सिंग होम

कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

मो.: 9837082912, 8800567610

समय:- प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

# एसपी क्राइम के साथ व्यापार मंडल के नेताओं की गोष्ठी सम्पन्न



## एसपी ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं, सुरक्षा को लेकर दिया भरोसा, रात्रि गश्त को बढ़ाये जाने की उठी मांग

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बुस.)।** एसपी क्राइम ने पुलिस लाइन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में सुरक्षा सम्बधिंत सुझावों का आदान प्रदान किया गया। साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने हेतु संबंधित को दिशा निर्देश दिए। पुलिस जनपद में व्यापारियों व आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा समय समय पर व्यापारियों व ट्रान्सपोर्टर संघ के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी की जाती है। इसी क्रम में गुरुवार को एसपी क्राइम प्रशान्त कुमार प्रसाद द्वारा पुलिस लाइन सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान एसपी क्राइम द्वारा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से सुझाव व प्रतिपुष्टि ली गयी तथा उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने हेतु निर्देशत किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस निरंतर शहर में गश्त करती है मगर इसके अतिरिक्त व्यापारियों को भी सुरक्षा के प्रति सतर्क होना पड़ेगा। सभी व्यापारी बंधुओं को सुरक्षा की दृष्टि से अपने-अपने प्रतष्ठिानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने व मार्किट में सुरक्षा गार्ड लगाए। वहीं केश ले जाते समय पुलिस से सुरक्षा ले।

# डीएवी कॉलेज में बच्चों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ





**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** डीएवी इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह व नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती आयोजन किया गया। इस बीच परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के प्रबंधन में महावीर चौक से मीनाक्षी चौक तक बच्चों द्वारा मानव श्रृखंला बनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं व गणमान्यों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में नेताजी के चित्र को पुष्पाजंलि अर्पित करते व उनके द्वारा दिये जय हिन्द के नारे के साथ उनको व उनके द्वारा किये साहसी कार्य को याद किया गया।

इस अवसर पर अजय मिश्रा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, सुशील मिश्रा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, राजेश श्रीवास जिला विद्यालय निरीक्षक, यात्री कर अधिकारी इरशाद अली, इंद्रजीत सिंह यातायात प्रभारी, पुष्पेंद्र कुमार उप निरीक्षक, प्रधानाचार्य सुनील शर्मा, प्रमोद कुमार प्रधानाचार्य, रणवीर सिंह सड़क सुरक्षा कार्यक्रम नोडल, आशीष द्विवेदी जिला समन्वयक, विभिन्न विद्यालयों के प्रवक्ताओं व स्टाफ परिवहन, यातायात पुलिस, माध्यमिक शिक्षा विभाग का सहयोग रहा। मानव श्रंखला निर्माण कार्यक्रम में डीएवी इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, चौ. छोटूराम इंटर कॉलेज, एसएम इंटर कॉलेज व एसडी इंटर कॉलेज, दीप चन्द्र ग्रेन चैम्बर एवं जैन इंटर कॉलेज के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# राम गोपाल वर्मा को तीन महीने जेल की सजा, 7 साल पुराने केस में कोर्ट ने दिया आदेश




**मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसी)।** जाने -माने फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा फिलहाल अपनी फिल्म 'सत्या' की दोबारा रिलीज का जश्न मना रहे हैं। उन्हें मुंबई में हाल ही में स्पॉट किया गया था। अपने विवादों से भरे बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले फिल्ममेकर अब मुसीबत में हैं। उन्हें तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। राम गोपाल वर्मा के खिलाफ 2018 में 'श्री' नाम की फिल्म के मामले में केस दर्ज किया गया था। निर्देशक को फिलहाल वित्तीय परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में कोई फिल्म नहीं बनाई है। उनकी पिछली फिल्मों ने भी पिछले कुछ वर्षों में अच्छा परफॉर्म नहीं किया है। फिल्ममेकर को 5000 रुपये की नकद जमानत राशि का भुगतान करने के बाद 2022 में बेल पर रिहा कर दिया गया था। लेकिन अब मुंबई मजिस्ट्रेट अदालत ने अब उसी चेक बाउंस मामले में उन्हें तीन महीने की कैद की सजा सुनाई है। मंगलवार, 21 जनवरी को फिल्ममेकर को अदालत में सुनवाई के लिए बुलाया गया था। लेकिन वह अदालत में उपस्थित नहीं हुए। इस तरह, अदालत ने उन पर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत आरोप लगाया। कोर्ट ने शिकायतकर्ता को मुआवजे के तौर पर 3172 लाख रुपये देने का भी निर्देश दिया है। इसके अलावा उनकी गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। राम गोपाल वर्मा को सजा सुनाते हुए मजिस्ट्रेट वाईपी पुजारी ने कहा, 'आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 428 के तहत सेट-ऑफ का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि आरोपी ने मुकदमे के दौरान हिरासत में कोई समय नहीं बिताया है।'

## लखनऊ एयरपोर्ट के वीवीआईपी लाउंज में भयंकर आग, अफरा-तफरी

**लखनऊ, 23 जनवरी (एजेंसी)।** लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट के वीवीआईपी लाउंज में बुधवार देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें और धुंआ देख अफरा-तफरी मच गई। एयरपोर्ट पर मौजूद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन पानी खत्म हो गया। जिसके बाद उन्होंने फायर स्टेशन को सूचना दी। घटना के समय लाउंज खाली थी। सूचना के बाद कुछ ही देर में सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां भी पहुंच गई। फिर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से लाउंज में रखा सामान और फॉल सिलिंग जलकर खाक हो गई। सीएफओ मंगेश कुमार का कहना है कि स्टेट हैंगर के पास ही वीवीआईपी लाउंज आग लगने की सूचना एयरपोर्ट कंट्रोल रूम से मिली थी। दमकलकर्मी जब वहां पहुंचे तो एयरपोर्ट के लोग पहले से आग बुझा रहे थे। जब दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बीए सेट पहन कर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया। धुएं और अंधेरे की वजह से दमकल कर्मियों को कड़े कदम उठाए और घंटों की मशक्कत के बाद जैसे-तैसे आग पर काबू पाया गया। शार्ट सर्किट की वजह से लाउंज में आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# टाउनहाल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया गया याद

## - मंत्री कपिल देव, चेयरपर्सन व सभासदों ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** नगरपालिका प्रांगण स्थित स्मारक पर गुरूवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में नेताजी की मूर्ति को फूल-मालाओं से सजाया गया। यहां पर बतौर मुख्य अतिथि योगी सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल का चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभी सभासदों और ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात मंत्री कपिल देव अग्रवाल और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए देश की आजादी के लिए दिए गए उनके योगदान को याद करते हुए नमन किया व युवाओं से उनके आदर्श से सीख लेकर देशहित में अपना योगदान करने की अपील की। गुरूवार को देशभर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में पालिका द्वारा टाउनहाल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश को विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हमें नेताजी के जीवन और आदर्श से प्रेरणा मिलती है। आजादी के इतिहास में अमिट छाप छोड़ने वाले नेताजी की वीरगाथा देश की युवा पीढ़ी को देशभक्ति और निःस्वार्थ सेवा को प्रेरित करती रहेगी। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को आज पूरे देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। टाउनहाल में नगरपालिका परिवार ने नेताजी को याद कर उनको नमन किया। नेताजी का आजादी के आंदोलन में दिया गया योगदान और देश के लिए दिखाया गया साहस आज भी युवाओं के साथ हर भारतीय को देश के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित करता है। हमने भी आज यहां से युवाओं को नेताजी के जीवन संघर्ष से सीख लेते हुए देश के लिए योगदान करने का संदेश देने का काम किया है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मंत्री कपिल देव और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पंकज माहेश्वरी, विपुल भटनागर, श्रीमोहन तायल, सुनील दर्शन, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रशांत गौतम, प्रशांत कुमार, शिवम मुन्ना, देवेश कौशिक, शौकत अंसारी, अन्नू कुरैशी, नौशाद खां, नवनीत गुप्ता, रविकांत शर्मा काका, मोहित मलिक, शोभित गुप्ता, रितु त्यागी आदि मौजूद रहे।



## महिला को जिंदा जलाने के मामले में पति को 10 साल व सास-ससुर को 7-7 साल की सजा

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** 19 अक्टूबर 2010 को सिसौली कस्बे के मौहल्ला चौधरान पट्टी निवासी सीमा को उसके ससुराल जानसठ के गांव घटायन में पति राजीव व सास-ससुर ने जलाकर मार दिया था। सीमा का विवाह वर्ष 2008 में राजीव के साथ हुआ था। शादी के बाद सीमा को एक बेटा भी हुआ, मगर ससुराल पक्ष की ओर से अतिरिक्त दहेज की मांग लगातार जारी रही। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोगों ने सीमा को जला दिया। मौत से पहले उपचार के दौरान सीमा ने अपने बयान देते हुए साफ बता दिया था कि किन-किन लोगों ने उसे जलाया है। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए पति राजीव, ससुर जगपाल, सास सुरेश, देवर संजीव व ननंद बेबी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। आज एडीजीसी अरुण कुमार जावला व कुलदीप त्यागी ने बताया कि इस मामले की सुनवाई एफटीसी की न्यायाधीश नेहा गर्ग की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सीमा के पति राजीव को दस साल व सास सुरेश व जगपाल को 7-7 साल की सजा सुनाई। जबकि ननंद बेबी व देवर संजीव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। कोर्ट ने हरेक आरोपी पर 15-15 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।



# गैस एजेंसी चोरी का मीरापुर पुलिस ने किया खुलासा

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** पांच दिन पहले मीरापुर पुलिस के सामने गैस एजेंसी से 3.83 लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया था। आज गुरूवार को पुलिस लाइन में एसपी देहात आदित्य बंसल द्वारा वार्ता करते हुए उक्त चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव मुझेड़ा सादात में चोरों ने एचपी गैस एजेंसी का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 3.83 लाख रुपये चोरी कर लिये थे। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी, जिसमें आज थाना प्रभारी बबलू वर्मा ने अपनी टीम के साथ चोरी के खुलासे में सफलता प्राप्त करते हुए हाथरस जनपद के रहने वाले अंकित निवासी पिपराई, थाना सादाबाद, फिलहाल पता मीरापुर योग माया मंदिर के पास को गिरफ्तार कर लिया। अंकित ने कबूल किया कि वह डेढ़ माह पहले गैस एजेंसी पर काम करता था और गैस एजेंसी का इकट्ठा हुआ पैसा कहां रखा जाता था, यह जानकारी उसे बखूबी थी। उसी के चलते उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने अंकित से 3.63 लाख रुपये की रकम बरामद कर ली है।

# पुष्पक एक्सप्रेस रेल हादसा-चाय वाले की वजह से गई 13 लोगों की जान?

## - रेल मंत्रालय ने की घोषणा, मृतकों के परिजनों के लिए 1.5-1.5 लाख रुपये मिलेंगे

**मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम एक बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई। इससे ट्रेन में सफर कर रहे यात्री इतना डर गए कि वह चलती ट्रेन से ही कूदने लगे। इसी बीच बगल की पटरी से कर्नाटक एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी। ट्रेन से कूदने वाले कई लोग कर्नाटक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, 30 से 40 लोग ट्रेन से कूद पड़े थे। यह हादसा जलगांव की पाचोरा तहसील के परधाडे गाव के पास हुआ।वरिष्ठ रेल अधिकारी ने जानकारी दी कि 'पुष्पक एक्सप्रेस के एक डिब्बे के अंदर 'हॉट एक्सल' या 'ब्रेक-बाईंडिंग' (जैमिंग) के कारण चिंगारी उठी, जिससे कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ पटरी से नीचे कूद गये। उसी समय बगल के ट्रैक से दूसरी ट्रेन गुजर रही थी।' अजित पवार ने कहा कि यह अफवाह दो व्यक्तियों उधल कुमार और विजय कुमार ने फैलाई। दोनों एक चाय वाले की बात में आ गए। सबसे पहले चाय वाले ने अफवाह फैलाई कि ट्रेन में आग लग गई है। इसके बाद ट्रेन के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उस चायवाले ने खुद ही चेन खींच दी। जब ट्रेन धीमी होने लगी तो यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे। पत्रकारों से बात करते हुए अजित पवार ने कहा, "रेलवे हादसे के बाद प्रशासन और अन्य बल सक्रिय हो गए और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। श्रावस्ती के उधल कुमार और विजय कुमार ट्रेन में सवार थे। वे ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। जनरल बोगी और ऊपरी बर्थ पर बैठे थे। पेंट्री से एक चाय बेचने वाले ने बोगी में आग लगने के बारे में चिल्लाया, दोनों ने यह सुना और घबरा गए।" अजित पवार ने आगे कहा"कुछ यात्री खुद को आग से बचाने के लिए चलती ट्रेन से बाहर कूद गए, लेकिन ट्रेन अच्छी गति से चल रही थी इसलिए एक व्यक्ति ने चेन खींच दी और ट्रेन रुक गई। कई यात्री ट्रेन से उतर गए और आगे बढ़ गए रेलवे ट्रैक पार कर रहा थे। इसी सामने वाली पटरी से कर्नाटक एक्सप्रेस बहुत तेज गति से आई और रेलवे ट्रैक पार कर रहे यात्रियों को टक्कर मार दी।"




### 13 मृतकों में 10 की हुई पहचान

डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि मारे गए 13 लोगों में से कुल 10 मृतकों की पहचान हो चुकी है जबकि तीन मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घायलों की कुल संख्या 10 है, जिनमें से 8 पुरुष हैं जबकि दो महिलाएं हैं और उनका जलगांव के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल व्यक्तियों को जलगांव के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। रेल मंत्रालय ने जलगांव ट्रेन दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के लिए 1.5-1.5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेल मंत्री कार्यालय ने कहा, ₹जलगांव ट्रेन दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल लोगों को 50,000 रुपये और मामूली रूप से घायल हुए लोगों को 5,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है।

## अपहरण के मामले में आरोपी को पांच साल की सजा, 25 हजार का अर्थदण्ड

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** 22 जून 2014 को खतौली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर खुर्द निवासी एक छात्रा स्कूल में पढ़ने के लिए गयी हुई थी। मगर उसी दिन शाम तक वह स्कूल से वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खूब तलाश की मगर छात्रा का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में जानकारी हासिल करने पर पता चला कि क्षेत्र के लोगों ने छात्रा को वाजिदपुर खुर्द के ही निवासी कपिल के साथ देखा है। इस पर छात्रा के पिता ने कपिल के खिलाफ खतौली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। कुछ दिनों के बाद पुलिस ने छात्रा को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एडीजीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश निशान्त सिंगला की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को पांच साल की सजा व पच्चीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अर्थदण्ड जमा न करने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# जनपद में मनरेगा में मिला अब तक 699 परिवारों को सौ दिन का काम

## - मननरेगा मजदूरी बढ़ाने को दिशा की बैठक में उठे सवाल

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भारत में लागू एक रोजगार गारंटी योजना है, जिसका उद्देश्य इस योजना के तहत, ग्रामीण इलाकों के परिवारों को वर्ष में कम से कम सौ दिनों का रोजगार दिया जाए। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का मकसद वास्तव में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की हर स्थिति में आजीविका सुरक्षा बढ़ाना है। बीते दिवस विकास भवन सभागार में संपन्न दिशा की बैठक में सांसद ने अधिकारियों को मनरेगा की धनराशि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए, ताकि पात्रों की माली हालत को सुधारा जा सके। शासन स्तर से महात्मा गांधी ग्राम रोजगार गारंटी योजना में पंजीकृत मजदूर को साल भर के दौरान 100 दिन काम दिए जाने का नियम निर्धारित है, लेकिन अभी तक जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 699 परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार मिला है। इन परिवारों में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के मजदूरों को 26.50 प्रतिशत एवं पंजीकृत महिला जॉबधारकों को 37.65 प्रतिशत मानव दिवस सृजन किया गया है। जिले के सभी नौ ब्लाकों में एक्टिव जॉब कार्डधारकों की संख्या वर्तमान में 42,754 हजार हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 जनवरी तक 14.36 लाख मानव दिवस सर्जन किए जाने का लक्ष्य रखा था लेकिन लक्ष्य के सापेक्ष 8.11 लाख ही मानव दिवस सर्जन हो पाए हैं। यहां पर करीब 699 परिवारों को सौ दिन का रोजगार दिया गया। जिले में करीब 3,187 नवीन कार्य प्रगति पर है। औसतन एक परिवार को मात्र 45 दिन रोजगार उपलब्ध कराया गया है जो कि नियम व मानक के अनुरूप नहीं है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष में अब तक मनरेगा कार्यों में करीब 2728 77 लाख रुपये मजदूरी पर 101.41 लाख रुपये अर्द्धकुशल और 578.70 लाख रुपये सामग्री पर अब तक धनराशि खर्च की गई है।

उधर मनरेगा डीसी प्रमोद यादव का कहना है कि जनपद में मनरेगा के तहत कार्य योजना तैयार कर मजदूरों को काम उपलब्ध कराया जाता है। वहीं विभागीय स्तर पर कोशिश रहती है कि सभी मजूदरों को काम मिल सके, लेकिन यह सब कुछ बजट पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष में मनरेगा कार्यों में करीब 2728 77 लाख रुपये मजदूरी पर 101.41 लाख रुपये अर्द्धकुशल और 578.70 लाख रुपये सामग्री पर धनराशि खर्च की गई है।




### कोर्ट के आदेश पर मकान खाली कराया

**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र में रुड़की रोड पर अंजुमन पैलेस के पास एक मकान को कोर्ट के आदेश पर खाली कराया गया। इस दौरान कब्जाधारियों ने मौके पर हंगामा किया। पुलिस टीम ने कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए मकान से सारा सामान बाहर रखवा दिया है। बताया गया कि पिछले 50 साल से मकान में कब्जा था। पुलिस ने बताया कि अंजुमन पैलेस के बराबर वाली गली में एक मकान पर पिछले 50 साल से वीरेन्द्र व उसका परिवार रह रहा था। मकान की मालकिन किरण देवी ने मकान खाली कराने के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी थी। कोर्ट ने उसके हक में फैसला सुनाते हुए पुलिस को मकान खाली कराने के आदेश दिए थे। कब्जाधारी को मकान खाली करने के लिए कहा गया था, लेकिन उसने मकान को खाली नहीं किया। गुरुवार को शहर कोतवाली पुलिस व महिला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मकान को खाली करा दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। महिला पुलिस को उनके विरोध का सामना करना पड़ा। हंगामे के दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा रही।

# बिहार: शिक्षा अधिकारी के घर पैसों का ढ़ेर, नोट गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन

**बेतिया, 23 जनवरी (एजेंसी)।** बिहार के बेतिया में गुरुवार के दिन जिला शिक्षा अधिकारी के आवास पर विजिलेंस की छापेमारी चल रही है। बेतिया में अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की शिकायत मिली है , जिसके बाद विजिलेंस की टीम ने छापेमारी की है। छापेमारी से जिले के शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। पटना से पहुंची विजिलेंस की टीम सुबह से जिला शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के किराए के मकान में रेड की है। साथ ही शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण से पूछताछ कर रही है। रेड के दौरान भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक विजिलेंस की टीम ने स्थानीय पुलिस से शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के आवास पर नोट गिनने वाली मशीन मंगाई गई है। डीईओ के घर पर विजिलेंस की सुबह से रेड चल रही है। बेतिया जिला शिक्षा अधिकारी पर आरोप है कि अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की शिकायत मिली, जिस मामले में विजिलेंस की टीम ने रेड डाली है। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण लगभग 3 साल से जिला में ड्ठ्ठ के पद पर पदस्थापित हैं। रजनीकांत प्रवीण मुफस्सिल थाना क्षेत्र में स्थित बसंत बिहार मोहल्ले में किराए के घर में रहते हैं, जहां छापेमारी चल रही है। साथ ही टीम उनके घर पर कई घंटों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि करोड़ो में कैश बरामद हुआ है। घर के अंदर पुलिस बल तैनात है। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के कई ठिकानों पर पुलिस और विजिलेंस की टीम रेड कर रही है। बेतिया के अलावा अन्य ठिकानों पर हो रही छापेमारी में क्या कुछ मिला है अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल इस कार्रवाई से हड़कंप मचा है।



# दिल्ली में योगी का प्रचार शुरू, चार दिनों में 14 जनसभाएं

**नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक करने के अगले ही दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री खासकर दिल्ली में रह रहे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के मूल निवासियों को साधेंगे। गुरुवार को उनकी किराड़ी, जनकपुरी व करोल बाग विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं हुई और इसके साथ ही उनका चार दिवसीय प्रचार अभियान शुरू हो गया। चार दिनों में वो दिल्ली में रहकर भाजपा प्रत्याशियों के लिए दिल्ली के मतदाताओं से वोट मांगेंगे। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर मतदान पांच फरवरी को होना है। भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी गुरुवार से धुआंधार चुनाव प्रचार में जुटेंगे। मुख्यमंत्री की पहली जनसभा दिन में साढ़े तीन बजे से किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के दुर्गा चौक प्रेम नगर में होगी। यहां पर वह भाजपा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में प्रचार करेंगे। बजरंग सुलतानपुर के रहने वाले हैं और उनके विधानसभा क्षेत्र में काफी संख्या में पूर्वांचल के लोग रहते हैं। दूसरी जनसभा शाम 4:50 बजे से करोल बाग विधानसभा क्षेत्र के देवनगर में होगी। यहां मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत गौतम के लिए वोट मांगेंगे। योगी की तीसरी जनसभा जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में 40 फुटा रोड पंखा रोड पर होगी। यहां भाजपा के उम्मीदवार आशीष सूद चुनाव मैदान में हैं। यहां की जनसभा शाम छह बजे से होगी। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री चार दिनों में 14 जनसभाएं करेंगे। गुरूवार को हुई रैली के बाद 28 व 30 जनवरी को और इसके बाद एक फरवरी को भी उनकी जनसभाएं होंगी। योगी घोंडा, शाहदरा, उत्तम नगर, द्वारका में जनसभाएं करेंगे। बिजवासन, पालम, राजेंद्र नगर व पटपड़गंज में भी जनसभाएं कर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे।



# साइबर हेल्प डेस्क ने 5.40 लाख रुपये की धनराशि वापस दिलाई




**मुजफ्फरनगर, 23 जनवरी (बु.)।** शहर कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क ने सात पीड़ितों के साथ हुई ऑनलाइन ठगी में 23 दिनों में 5.40 लाख रुपये की धनराशि वापस दिलाने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुम्ताज जैदी पत्नी एजाज हसन के साथ साइबर अपराधियों ने हनुमान चौक के बैंक खाते से ठगी करते हुए 2.53 हजार रुपये की धनराशि निकाल ली थी। इस मामले में हेल्पडेस्क ने पूरी राशि पीड़िता को वापस करा दी। इसी के साथ शुभम सिंह निवासी कृष्णापुरी के साथ साइबर अपराधियों ने पचास हजार रुपये की ठगी की थी। उसे भी पूरी राशि वापस करा दी गयी। इसी क्रम में खुद थाना कोतवाली पर नियुक्त पीआरडी सचिन कुमार के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने पांच हजार रुपये की धनराशि निकाल ली थी। यह भी हेल्प डेस्क द्वारा खाते में वापस करा दी गयी। इसी तरह प्रयाग शर्मा रामपुरी से साढे छह हजार रुपये, विशाल कुमार निवासी रामलीला टिल्ला से पांच हजार रुपये, ओमकुमार निवासी रामपुरी के खाते से एक लाख रुपये की धनराशि, कुलदीप सिंह पुत्र शिवचरण दास निवासी मिमलाना रोड से एक लाख 2 हजार रुपये की धनराशि साइबर ठगों ने उड़ा दी थी। उक्त सभी की रकम साइबर हेल्प डेस्क द्वारा लौटा दी गयी। रकम लौट आने के बाद सभी पीड़ितों ने हेल्प डेस्क के सभी पुलिसकर्मियों की जमकर प्रशंसा की। पीड़ितों का कहना था कि उन्हें पैसा जाने के बाद वापस आने की कोई उम्मीद नहीं थी मगर हेल्प डेस्क से जुड़ी सभी कर्मियों की मेहनत से यह सम्भव हो पाया।

# 15 दिन बाद भी शांत नहीं हुई जंगल की आग, 50 हजार लोगों को घर छोड़ने के आदेश



**कैलिफोर्निया, 23 जनवरी (एजेंसी)।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में लगी भीषण और तेजी से फैलती आग के कारण वहां रहने वाले 50,000 से अधिक लोगों को जगह खाली करने का आदेश जारी किया गया है। वहीं, दक्षिणी कैलिफोर्निया में प्रचंड हवाओं के कारण दो स्थानों पर पहले भड़की आग अब तक शांत नहीं हो पाई है। सुबह ह्यूजेस में लगी आग भड़क उठी और कुछ ही घंटों में 39 वर्ग किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र में फैले पेड़ और झाड़ियां जलकर नष्ट हो गए। इस आग के चलते यहां की मशहूर टूरिस्ट प्लेस कास्टिक झील के ऊपर काले धुएं का गुबार छा गया है। कास्टिक झील, भीषण आग की चपेट में रहे ईटॉन और पैलिसेड्स से लगभग 64 किलोमीटर दूर एक लोकप्रिय मनोरंजन क्षेत्र है। ईटॉन और पैलिसेड्स में तीसरे सप्ताह भी आग जल रही है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने बताया कि यहां करीब 50 हजार लोगों को जगह खाली करने की चेतावनी दी गई है। लॉस एंजिलिस काउंटी के दमकल प्रमुख एंथनी मार्रोन ने कहा कि आग पर काबू पाना मुश्किल है, लेकिन अग्निशमन कर्मी काबू पाने में सफल हो रहे हैं। लूना ने कहा कि इंटरस्टेट 5 मार्ग के बंद किए गए हिस्से जल्द फिर से खोल दिए जाएंगे। बता दें कि करीब 15 दिन पहले कैलिफोर्निया की आग तेज हवाओं के चलते लॉस एंजेलिस तक पहुंची और यहां भारी तबाही मचाई। इस आग ने करीब 2 दर्जन लोगों की जान ले ली और डेढ़ सौ अरब डॉलर से ज़्यादा की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। लॉस एंजेलिस की हजारों इमारतें आग में जलकर खाक हो गईं। आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटीज तक को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा।

# जिस प्रकार यूपी की पूरी कैबिनेट ने संगम में स्नान किया क्या उसी तरह केजरीवाल अपनी पूरी कैबिनेट के साथ यमुना स्नान कर सकते हैं

**नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। यमुना का जिक्र करते योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में गंगा अविरल व निर्मल है। लेकिन यमुना का दिल्ली में बुरा हाल है। मैं अपने मंत्रियों के साथ महाकुंभ के दौरान गंगा में डूबकी लगाई, यदि हिम्मत है तो केजरीवाल भी अपने मंत्रियों के साथ इस चुनाव में यमुना जी में डूबकी लगाकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि एक ओर हजारों वर्षों के शानदार अतीत वाली वैभवशाली दिल्ली है जो आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। जिस दिल्ली को विकास के नए प्रतिमान स्थापित करने चाहिए, वह आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश है, जहां आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं। यह सुविधा संपन्न राज्य है। नए भारत की यात्रा में मोदी के विजन को साकार कर रहा है। आलम यह है कि आज दिल्ली के लोग निवास व निवेश दोनों के लिए नोएडा का रूख कर रहे हैं। अपने पूरे संबोधन में योगी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि जामिया मिल्लिया के पास उत्तर प्रदेश सरकार की जमीन पर वहां के नेताओं ने अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्याओं को बसाया। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के हमारे अनुरोध की अनसुनी की। अंत में हमलोगों ने बुल्डोजर चलाकर जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। आज दिल्ली सरकार यह समझ ले कि दिल्ली के लोगों की सुविधाओं के लिए जमीन हम देने को तैयार हैं, लेकिन विदेशियों के लिए हमारी एक इंच भूमि भी हम किसी को नहीं लेने देंगे।

# अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा देने वाले, दिल्ली की जनता को फिर धोखा देंगे: योगी



**नयी दिल्ली 23 जनवरी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली के मतदाताओं को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा देने वाले दिल्ली की जनता को फिर धोखा ही देंगे। योगी ने गुरुवार को उत्तरी दिल्ली के किराड़ी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)उम्मीदवार बजरंग शुक्ला के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ह्लश्री केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया, वह दिल्ली की जनता को फिर धोखा ही देंगे।ह्व उन्होंने आम आदमी पार्टी के मुखिया को झूठ की एटीएम मशीन करार देते हुए कहा, ह्ल दिल्ली में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, महाकुंभ में अच्छी और शानदार सड़कें हैं, दिल्ली में सड़कों में गड्ढा है कि गड्ढों में सड़क है पता नहीं लगता। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की तस्वीर को बदसूरत कर दिया,आम आदमी पार्टी को सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है। ह्व उन्होंने कहा, ह्लये राष्ट्रीय राजधानी है। नयी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) इलाके को छोड़ दें, तो समूची दिल्ली की क्या हाल है, ये सब जानते हैं। उन्होंने कहा, ह्लयाद करिए। अच्छी व्यवस्था देखने के लिए लोग दिल्ली आते थे, लेकिन आज क्या स्थिती है? सड़क में गड्ढा है या गढ्ढे में सड़क है।ह्व योगी ने कहा, ह्लदिल्ली में गंदगी का ढेर पड़ा हुआ है, सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। अभी तो पेयजल का संकट आने वाला है।ह्व उन्होंने कहा कि इनके असहयोग का खामियाजा हमारे वृन्दावन और मथुरा के लोगों को भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आप पर आरोप लगाते हुए कहा, ह्लइनका काम सिर्फ सोशल मीडिया में झूठ बोलना है। इन लोगों ने दिल्ली को कूड़ाघर का अड्डा बना दिया है। ऐसे में अब लोग मॉडल के रूप उत्तर प्रदेश की ओर देख रहे हैं।ह्व उन्होंने कहा कि आप ने सुनियोजित साजिश के तहत ओखला औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग नहीं लगने दिया है, जबकि दिल्ली में बंगलादेशी को बसाने का काम हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि सुनियोजित साजिश के तहत दिल्ली में दंगे कराए गए और आप के पार्षदों का हाथ पाया गया। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन भव्यता से हो रहा है।

## यूपी के छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

**लखनऊ, 23 जनवरी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवधशिल्प ग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जिलों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इस बार छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। लोकभवन सभागार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा। विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# पीएम ने दी श्रद्धांजलि, नेताजी का विजन प्रेरणा देता है: नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि। साथ ही अमित शाह और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भी सुभाष चंद्र बोस को याद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में कई बड़े नेता शामिल हुए। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर बच्चों को भी खास तौर से सेंट्रल हॉल में आमंत्रित किया गया था। आइए, जानते हैं देश भर के नेताओं ने कैसे किया नेताजी को याद। प्रधानमंत्री ने सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों से बातचीत की और उनके साथ मिलकर ह्यजय हिंद के नारे लगाए। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अद्वितीय है। उनका साहस और धैर्य हमें प्रेरित करता है। हम उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने नेताजी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महानायक बताया।



सीएम योगी ने कहा, "नेताजी हर भारतीय के लिए सम्मान का प्रतीक हैं। 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी द्वारा दिया गया नारा ह्युतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्व देश के युवाओं के लिए एक मंत्र बन गया था।" गृह मंत्री शाह और राहुल गांधी ने भी किया नेताजी को याद किया। अमित शाह ने कहा, नेताजी अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और निर्भीकता के प्रतीक थे।राहुल गांधी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी ने नेताजी की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका को याद करते हुए कहा कि उनकी दृष्टि और साहस ने भारतीयों को एकजुट किया और देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ। वे मेधावी छात्र थे और प्रेसिडेंसी कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद इंग्लैंड गए। वहां उन्होंने आईसीएस की परीक्षा दी और चौथा स्थान प्राप्त किया। 1943 में नेताजी ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज की कमान संभाली। उन्होंने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, "चलो दिल्ली। मैं तुम्हें सिर्फ भूख, प्यास और मुश्किलें दे सकता हूं, लेकिन अंत में जीत हमारी होगी।" उनकी यह ललकार आज भी लोगों में जोश भर देती है।

18 अगस्त 1945 को नेताजी मंचूरिया की ओर उड़ान भरते समय एक विमान हादसे का शिकार हो गए। टोक्यो रेडियो ने बताया कि प्लेन क्रैश में नेताजी गंभीर रूप से जल गए थे और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। हालांकि, उनकी मौत को लेकर आज तक संशय बना हुआ है। कई जांच कमेटियों ने इस घटना की पड़ताल की, लेकिन अंतिम निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सका। शिवसेना (उद्धव) के नेता संजय राउत ने बालासाहेब ठाकरे की 99वीं जयंती पर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की।